कार्यालय जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई।

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई के प्रांगण में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या 2203/एडमिन (बी–II) सेक्शन दिनांकित 11.08.2023 के द्वारा राजकीय वाहन सं0– यू0पी0 92 जी0 0016 (एम्बेस्डर कार) निष्प्रयोज्य घोषित हो चुकी है व माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र सं0– 92/एडमिन (बी–II) सेक्शन दिनांकित 12.01.2024 एवं शासनादेश सं0– 1288(11)/30–04–2002–24 के0एम0/76 दिनांकित 11.06.2002 के अनुसार निष्प्रयोज्य घोषित हो चुकी राजकीय वाहन संख्या यू0पी0 92–जी–0016 (एम्बेस्डर कार) की नीलामी दिनांक 15.02.2024 को समय 03.00 बजे से 05.00 बजे तक की जायेगी। उपरोक्त एम्बेस्डर कार की नीलामी का न्यूनतम मूल्य मु0 12,000.00 रूपये (बारह हजार रूपये मात्र) है। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेकर लाभ उठायें। बोली स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, जालौन स्थान उरई के पास सुरक्षित रहेगा। बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक बोलीकर्ता को धनराशि मु0 5,000.00 रूपये (पांच हजार रूपये मात्र) जमानत के रूप में जमा करनी होगी, जो बाद नीलामी वापस/समायोजित की जायेगी। अंतिम बोली बोलने वाले व्यक्ति को सम्पूर्ण धनराशि सिविल कोर्ट के अमीन के पास तुरन्त जमा करनी होगी। उक्त नीलामी प्रकिया नीलामी समिति, निष्प्रयोज्य घोषित राजकीय वाहन संख्या यू0पी0 92–जी–0016 (एम्बेस्डर कार) की उपस्थिति में जनपद न्यायालय, उरई के प्रांगण में होगी।

उपरोक्त नीलामी के अंतिम बोलीकर्ता को बोली बोलने की सम्पूर्ण धनराशि उसी समय जमा करनी होगी, जमा न करने पर उसकी जमानत धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में जब्त हो जायेगी। अन्य आवश्यक जानकारी नियत तिथि को नीलामी स्थल पर प्राप्त की जा सकती है।

यह विज्ञप्ति माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की बेबसाइट www.allahabadhighcourt.in व जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई की बेबसाइट "ecourts.gov.in/jalaun" पर भी उपलब्ध है।

अध्यक्ष (प्रतिनिधि), नीलामी समिति
राजकीय जीप संख्या यू0पी0 92–जी
0016/नगर मजिस्ट्रेट उरई।

प्रतिलिपिः–

01. कार्यालय जिलाधिकारी, जालौन स्थान उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्प करने हेतु।
02. विशेष न्यायाधीश (द0प्र0क्षे0), जालौन स्थान उरई/सदस्य, नीलामी समिति राजकीय जीप संख्या यू0पी0 92–जी0 0016।
03. अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
04. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जजशिप उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
05. दैनिक कर्मयुग प्रकाश, उरई को जनहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
06. जनपद न्यायालय, हमीरपुर।
07. जनपद न्यायालय, कानपुर देहात।
08. जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।
09. बाह्य स्थित न्यायालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
10. जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई को निःशुल्क प्रकाशनार्थ।
11. सिविल कोर्ट अमीन जनपद न्यायालय, उरई।
12. अधिशाषी अभियन्ता, सा0नि0वि0, उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
13. सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी जालौन स्थान उरई/ सदस्य, नीलामी समिति राजकीय जीप संख्या यू0पी0 92–जी0 0016 को वास्ते सूचनार्थ।

अध्यक्ष (प्रतिनिधि), नीलामी समिति
राजकीय जीप संख्या यू0पी0 92–जी
0016/नगर मजिस्ट्रेट उरई।